भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण
(पोत परिवहन मंत्रालय, भारत सरकार)
मुख्यालय : ए–13, सैक्टर–1, नौएडा–201 301, (उ० प्र०)
INLAND WATERWAYS AUTHORITY OF INDIA
(Ministry of Shipping, Govt. of India)
Head Office : A-13, Sector-1, Noida-201 301 (U.P.)
Website : www.iwai.gov.in | www.iwai.nic.in
Tel. : +91-120-2544036, 2543972, 2527667, 2448101 Fax : +91-120-2544009, 2544041, 2543973, 2521764

सं.–भा.अ.ज.प्रा.–29 / 11 / 2020–हिन्दी   दिनांक 14.09.2021

परिपत्र

विषय – हिंदी दिवस (दिनांक 14.09.2021) के अवसर पर माननीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग एवं आयुष मंत्री जी की अपील एवं राजभाषा विभाग द्वारा जारी की गई राजभाषा प्रतिज्ञा परिचालित करने के संबंध में।

हिंदी दिवस (दिनांक 14.09.2021) के अवसर पर माननीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग एवं आयुष मंत्री जी की राजभाषा विषयक अपील **(संलग्न)** एवं राजभाषा विभाग द्वारा जारी की गई राजभाषा प्रतिज्ञा **(संलग्न)** इस अनुरोध के साथ परिचालित की जा रही है कि कृपया इनका अवलोकन करने का कष्ट करें एवं राजभाषा प्रयोग की दृष्टि से इनके शब्दशः अनुपालन एवं कार्यान्वयन में अपना सहयोग प्रदान करें।

यह परिपत्र सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

संलग्न – यथोक्त

(अरविन्द कुमार)
हिन्दी अधिकारी

प्रतिलिपि सेवा में – भा.अ.ज.प्रा., नौएडा के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी

सर्बानंद सोणोवाल
SARBANANDA SONOWAL

सत्यमेव जयते

मंत्री
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग एवं आयुष
भारत सरकार
Minister
Ports, Shipping & Waterways and AYUSH
Government of India

अपील

भारत की संविधान सभा ने 14 सितंबर, 1949 को हिंदी भाषा को संघ की राजभाषा का दर्जा दिया था। इसलिए देश भर में 14 सितंबर का दिन प्रति वर्ष हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

अपनी भाषा के प्रति लगाव और अनुराग राष्ट्र प्रेम का ही एक रूप है। हिंदी ने सभी भारतवासियों को एक सूत्र में पिरोकर सदैव अनेकता में एकता की भावना को पुष्ट किया है। एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है, बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ ही हिंदी विश्व की संभवत: सबसे वैज्ञानिक भाषा है, जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बड़ी संख्या में मौजूद हैं।

मैं पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, तथा इसके सभी नियंत्रणाधीन कार्यालयों के कार्मिकों से अपील करता हूँ कि वे अपना रोजमर्रा का अधिक से अधिक सरकारी कामकाज आम बोलचाल की हिंदी में करें। मुझे आशा ही नहीं, बल्कि पूर्ण विश्वास है कि हम सब अपने सार्थक और सामूहिक प्रयासों से राजभाषा प्रयोग संबंधी संवैधानिक दायित्वों का निर्वाह करते हुए अपने मंत्रालय में हिंदी के कामकाज के स्तर को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

मैं, 14 सितंबर, 2021 को 'हिंदी दिवस' के शुभ अवसर पर आप सबको अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ ।

(सर्बानंद सोणोवाल)

SAGARMALA

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

Room No. 201, Transport Bhawan, 1, Sansad Marg, New Delhi - 110001, Ph. : 011-23717422, 23717423, 23717424 (O), 23356709
E-mail : minister-shipping@gov.in; Website : www.shipmin.gov.in
Room No. 101, AYUSH Bhawan 'B' Block, GPO Complex, INA, New Delhi-110023, Tel.: 011-24651955, 24651935
E-mail : minister-ayush@nic.in; Website : www.ayush.gov.in

भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
(सदैव ऊर्जावान ; निरंतर प्रयासरत)

राजभाषा प्रतिज्ञा

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 और 351 तथा राजभाषा संकल्प 1968 के आलोक में हम, केंद्र सरकार के कार्मिक यह प्रतिज्ञा करते हैं कि अपने उदाहरणमय नेतृत्व और निरंतर निगरानी से; अपनी प्रतिबद्धता और प्रयासों से; प्रशिक्षण और प्राइज़ से अपने साथियों में राजभाषा प्रेम की ज्योति जलाये रखेंगे, उन्हें प्रेरित और प्रोत्साहित करेंगे; अपने अधीनस्थ के हितों का ध्यान रखते हुए; अपने प्रबंधन को और अधिक कुशल और प्रभावशाली बनाते हुए राजभाषा- हिंदी का प्रयोग, प्रचार और प्रसार बढ़ाएंगे। हम राजभाषा के संवर्द्धन के प्रति सदैव ऊर्जावान और निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

जय राजभाषा ! जय हिंद !

--